भिलाई निगम क्षेत्र की व्यवस्तम नेहरू नगर चौक की सिंग्नल व्यवस्था हुई बहाल, आयुक्त प्रकाश सर्वे ने निरीक्षण कर जायजा लिया

भिलाई। महीनों से बंद पड़ी नेहरू नगर चौक की सिंग्नल अब अपने पुराने स्वरूप में आ गई है। इस सिंग्नल लाइट के बंद होने से आम राहगीरों व वाहन चालकों को काफी परेशानी हो रही थी। समय-समय पर विभिन्न सामाजिक संगठनों की ओर से इसे चालू करने के लिए आवाज उठाई जा रही थी। भिलाई नगर निगम क्षेत्र की जनता भी इसे सुधारकर शुरू करवाने के लिए महापौर नीरज पाल व निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे से गुहार लगा रहे थे। जनमानस की मांग को निगम आयुक्त ने गंभीरता से लिया। वहीं महापौर नीरज पाल के निर्देश के बाद आयुक्त सर्वे ने पुलिस ट्रेफिक विभाग सहित तकनीकी विभाग को इसके संधारण के लिए निर्देश दिया। परिणामस्वरूप सिंग्नल की खामियों में सुधार कर दुरूस्त किया गया। निगम आयुक्त ने मंगलवार की शाम साढे छः बजे नेहरू नगर चौक की फोर फेस सिंग्नल को चालू कराया। इसे शुरू कराने में अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी की सराहनीय भूमिका रही। सिग्नल बंद होने की जानकारी कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर नरेंद्र भूरे के भी संज्ञान में था। डॉ. भूरे ने निगमायुक्त प्रकाश सर्वे को इस व्यवस्तम चौक में सिंग्नल को जल्द सुचारू रूप से चालू कराने के निर्देश दिए थे। आयुक्त सर्वे ने कहा कि सिंग्नल बंद पड़ी थी , जिसकी वजह से वाहन चालकों सहित राहगीरों को आवागमन करने में दिक्कत हो रही थी , जिसको देखते हुए निगम आयुक्त ने जल्द से जल्द सिग्नल चालू करने के निर्देश अधिकारियों को दिए थे। अब सिग्नल चालू हो गया है, इसके शुरू होने से निगम क्षेत्र की जनता सहित नेशनल हाईवे पर आवागमन करने वालों ने राहत की सास ली। उन्होंने ट्रेफिक सहित तकनीकी विभाग को निर्देश दिए हैं कि इसके रखरखाव पर विशेष ध्यान देवें क्योंकि सिंग्नल के खराब होने से ट्रेफिक व्यवस्था पूरी तरह गड़बड़ा जाती है। उन्होंने अधिकारियों को इसके समय-समय पर मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए हैं। निरीक्षण के दौरान निगम उपायुक्त सुनील अग्रहरि व अजय शुक्ला सहित अन्य अधिकारी/कर्मी मौजूद थे।